राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–95/2024

राज्यपाल ने प्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डॉ० नरेन्द्र प्रसाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 01 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डॉ० नरेन्द्र प्रसाद के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि डॉ० नरेन्द्र प्रसाद एक ख्याति प्राप्त सर्जन थे। चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनका निधन अत्यन्त दुःखद है। उनके निधन से चिकित्सा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....